प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा में सैकड़ों कर्मियों को अवैध रूप से नियुक्त किया। गरीब युवाओं के हक की नौकरी नेताओं की पैरवी पर बांटी गयी। पैसों के लेनदेन की सीडी सामने आयी है। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि मामला प्रकाश में आने पर विक्रमादित्य आयोग का गठन कर जांच की गयी, जिसमें आलमगीर आलम पर लगे आरोप प्रमाणित भी हुए। उन्होंने हेमंत सरकार के कामकाज पर सवाल उठाते हुए लिखा है कि विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट पर कार्रवाई करने की बजाय उसकी समीक्षा के लिए एक और आयोग का गठन कर दिया गया। राज्य सरकार नहीं चाहती कि नियुक्ति घोटाला की सच्चाई सामने आये और झारखंड के युवाओं को न्याय मिले।

****

चतरा लोकसभा सीट से 22 प्रत्याषी चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से छह निर्दलीय उम्मीदवारों को व्यय प्रेक्षक के समक्ष लेखा पंजी प्रस्तुत नहीं करने के कारण उन्हें नोटिस जारी किया गया है। मीडिया कोषांग से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्वाचन व्यय से संबंधित जानकारी जमा करने की दूसरी तिथि 14 मई निर्धारित थी। लेकिन व्यय प्रेक्षक के समक्ष छह प्रत्याशियों ने अपना विवरण प्रस्तुत नहीं किया। जारी निर्देष में कहा गया है कि इन छहों प्रत्याशियों को 18 मई को सुबह 11बजे तक लेखा निरीक्षण के लिए जिला मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण भवन में उपस्थित होना है।

****

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आज धनबाद जिले के सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान शुरू किया गया। विभिन्न प्रखंडों में प्रभारी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने डेंगू को लेकर जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को बताया गया कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, इसलिए अपने घरों के कूलर में पानी जमा नहीं होने दें। इधर, जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रताप ने बताया कि डेंगू के मच्छर मुख्य रूप से सुबह और शाम में काटते हैं। यह ज्यादा ऊपर उड़ नहीं सकते, इसलिए पैरों में ही काटते हैं। अपने आसपास पानी जमा नहीं होने देंगे।

****

समाचार सेवा प्रभाग की महानिदेशक श्रीमती मौसमी चक्रवर्ती को आकाशवाणी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह प्रभार सीईओ, प्रसार भारती के अनुमोदन से सौंपा गया है। श्रीमती मौसमी चक्रवर्ती 31 अगस्त तक या पद नियमित आधार पर भरे जाने तक पदभार संभालेंगी। वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियों के प्रत्यायोजन के अनुसार श्रीमती चक्रवर्ती आकाशवाणी के महानिदेशक की सभी शक्तियों का प्रयोग करेंगी।

****

लोहरदगा जिला में वन क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार दिलाने की दिशा में तिसिया प्रखंड में ब्रिकेटिंग प्लांट की स्थापना की गई है।

****

ट्रिपल आईटी रांची के नए निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव ने आज अपने पद पर योगदान दे दिया। प्रोफेसर श्रीवास्तव आईआईटी बीएचयू के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्राध्यापक रहे हैं। आज उन्होंने ट्रिपल आईटी रांची के प्रभारी निदेशक आईआईएम रांची के निदेशक प्रोफ़ेसर दीपक श्रीवास्तव से प्रभार ग्रहण किया।

****

स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा– सीयूईटी यूजी 2024 में पहले दिन कल 75 प्रतिशत से अधिक आवेदकों ने भाग लिया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए के अनुसार परीक्षा देश और विदेश के सभी निर्धारित स्थानों पर सुचारू रूप से संचालित की गई।

****

टाटा स्टील फाउंडेशन, अर्बन सर्विसेस के द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिले के रामदास भट्टा सेंटर में अंडर 16 वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग ले रही हैं। फाउंडेशन की प्रबंधक गुरुवारी हेंब्रम ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 120 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। सभी मैच फ्लडलाइट में खेले जाएंगे।

******समाप्त******